भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 662

जिसका उत्तर 01 दिसम्बर, 2021 को दिया जाना है

कोकिंग कोल खान की नीलामी

662. श्री राजबहादुर सिंहः
श्री संगम लाल गुप्ताः
श्री महेंद्र सिंह सोलंकीः
श्रीमती संध्या रायः
श्री कृष्णपालसिंह यादवः
श्री पी.पी. चौधरीः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कोकिंग कोल खदानों के लिए नीलामी शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई और उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान नीलाम किए गए ब्लॉकों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) कोकिंग कोल के उत्पादन के लिए निर्धारित लक्ष्य और नीलाम की गई कोकिंग कोल खानों के माध्यमों से प्राप्त कोकिंग कोल का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क) और (ख) : कोकिंग और गैर-कोकिंग कोयले की खानों की एक साथ नीलामी की जाती है। वर्तमान में, मंत्रालय का कोकिंग कोल खानों के लिए विशेष रूप से नीलामी शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) : विगत पांच वर्षों के दौरान नीलाम किए गए कोकिंग कोल ब्लॉकों का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	**नीलामी दौर**	**राज्य**	**कोयला खान का नाम**	**पीआरसी (एमटीपीए)**
1	11	झारखंड	ब्रह्माडीह	0.15
2		मध्य प्रदेश	उर्तन	0.65
3			उर्तन नॉर्थ	0.60
4	12	झारखंड	जोगेश्वर और खास जोगेश्वर	एनए (पीआरसी उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह आंशिक रूप से अन्वेषित कोयला खान है)

(घ) : कुल 2.4 मिलियन टन प्रति वर्ष की कुल पीक रेटेड क्षमता के साथ कुल 5 कोकिंग कोल खानों की नीलामी की गई है, हालांकि, नीलाम किए गए कोकिंग कोल ब्लॉकों से उत्पादन अभी शुरू होना बाकी है। उपर्युक्त 5 कोयला खानों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	**राज्य**	**कोयला खान का नाम**	**पीआरसी (एमटीपीए)**	**उत्पादन का लक्ष्य महीना**
1	झारखंड	मोइत्रा	1.0	दिसंबर-2018
2	झारखंड	ब्रह्माडीह	0.15	मई-2025
3	मध्य प्रदेश	उर्तन	0.65	अगस्त-2026
4		उर्तन नॉर्थ	0.60	मई-2025
5	झारखंड	जोगेश्वर और खास जोगेश्वर	लागू नहीं	मार्च-2027

******